वी.यू. में हुए कैम्पस इंटरव्यू में 26 छात्र–छात्राएं चयनित

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में अपर मुख्य सचिव पशुपालन विभाग श्री जे.एन. कंसोटिया जी के मार्गदर्शन तथा कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में 20 जून को जबलपुर वेटरनरी कॉलेज में 21 जून को महू वेटरनरी कॉलेज में एवं 22 जून को रीवा वेटरनरी कॉलेज में हैदराबाद की जी.वी.के ई.एम.आर.आई. कंपनी ने केंपस इंटरव्यू किया जिसमें जबलपुर के 67 छात्रों ने, महू के 60 छात्रों ने एवं रीवा के 23 छात्रों ने हिस्सा लिया। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. असित जैन एवं इंचार्ज डॉ. आकांक्षा सिंह ने बताया कि कंपनी ने सालाना 4 -7 लाख के पैकेज पर 26 छात्रों को चयनित किया है जो आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सहित अनेक राज्यों में अपनी सेवा प्रदान करेंगे। इसके साथ ही कंपनी ने 100 से अधिक छात्रों को शॉर्टलिस्ट भी किया है जिनको इंटर्नशिप पूरी होने के बाद अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर मिलेगा। कैम्पस साक्षात्कार का सफल आयोजन अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ अंजनी कुमार मिश्रा तथा डॉ. आर.के. जैन के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर